# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक नं. 5, पंचम तल, कमरा नं. 601
जे.एल.एन. मार्ग, ओ.टी.एस. के पास, जयपुर–302017 E-mail: adrutrsmsa@gmail.com

क्रमांक : राजस्कूलशिप / पूर्व प्राथमिक शिक्षा / PSE-TLM Kit /2023–24/3697 दिनांक 01-8-23

**904 महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) में संचालित पूर्व प्राथमिक सेक्शन/बाल वाटिका हेतु (जिलेवार सूची संलग्न) 5000/–रूपए की दर से निम्न विवरणानुसार Pre-School Education (PSE) Kit/ Teaching Learning Material (TLM) क्रय के दिशा–निर्देश (समग्र शिक्षा – वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2023–24)**

904 महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) में संचालित पूर्व प्राथमिक सेक्शन/बाल वाटिका हेतु गुणवत्तापूर्ण ईसीसीई सुनिश्चित करने एवं 03 वर्ष की आयु से ही बच्चों की श्रेष्ठ शिक्षा की निरन्तरता सुनिश्चित करने के लिए राज्य की समग्र शिक्षा – वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2023–24 में अनुमोदित गतिविधि – Pre-School Education (PSE) Kit/ Teaching Learning Material (TLM) के क्रय हेतु सामग्री चयन, अनुमानित लागत, उपयोग एवं स्पेसीफिकेशन संबंधी विस्तृत दिशा–निर्देश निम्नानुसार जारी किए जाते हैं

| क्र. सं | सामग्री का विवरण | मात्रा | अनुमानित लागत (रूपए में) | सामग्री का विवरण एवं स्पेसीफिकेशन | नमूना चित्र | आउट्कम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Doctor set | 01 | 370 | Doctor Set in Plastic Brief case- It consists of Total pieces.<br>One scissor,<br>One x-ray tray,<br>One rectangle,<br>one Eye Tester,<br>One Medicine measure tool,<br>One hot water bottle,<br>One injection, One Digital Thermometer,<br>One specs,<br>One stethoscope with pipe.<br>All items are packed in plastic brief having wheel cap inside tyre. It should have a separate handle to hold it easily. |  | • बच्चों में कल्पनाशीलता, सोच एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना।<br>• खेल खेल में सीखना एवं भाषा का विकास<br>• Body parts के बारे में जानना<br>• डॉक्टर द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के बारे में जानकारी |
| 2 | Kitchen Set | 01 | 450 | Kitchen Cooking Set Contents-<br>One Chula with revolving knobs, One Fry pan, Bowl with lid, one spoon. All should be made of Virgin plastic & it should be non-Toxic. Along with a Plastic jacket for role play. |  | • बच्चों में कल्पनाशीलता, सोच एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना।<br>• खेल खेल में सीखना एवं भाषा का विकास<br>• रसोई घर में काम आने वाली सामग्री की जानकारी |

Signature valid
Digitally signed by T Shubhamangala
Designation : State Project Director
Date: 2023.07.31 16:54:28 IST
Reason: Approved


RajKaj Ref No. : 4223821

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Vehicle Set | 01 | 550 | Vehicles-Construction JCB set-It is Easily assembled by screw which are fixed at different parts of the Dumper. Following are specifications-<br>1) 6 Screw<br>2) 4 Tyres & wheel cap<br>3) 1 Job Lifting top carrier<br>4) 1 driver seat<br>5) 1 handle<br>6) 1 screw driver which can be fixed on the handle tightening side on front.<br>7) 1 nut opener which has a screw opening side on front. |  | • खेल खेल में सीखना एवं मानसिक विकास<br>• Jcb द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी<br>• बच्चों में कल्पनाशील रोल प्ले एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना। |
| 4 | Pyramid | 01 | 380 | Material HDPE<br>Number of Rings-6 of different Colors Red, Green, Orange, Yellow, Blue, Pink. Fixed in ascending order in the tower which is fixed on the round base. |  | • बच्चों में कल्पनाशीलता एरोल प्ले एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना।<br>• बच्चों में रंग एवं आकार की अवधारणा को विकसित करना |
| 5 | Abacus | 01 | 450 | Wooden Abacus made of pine wood having 10 metal rods. |  | • विजुअलाइजेशन और कल्पनाशीलता को बढ़ाता है<br>• अवलोकन और सुनने के कौशल में सुधार करता है<br>• स्मृति सुदृढ़ीकरण<br>• सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ाता है<br>• बच्चों में गणितीय शक्तियों का विकास |
| 6 | String and beads (Colored) | 01 | 300 | Fruit and Vegetable Shape Beads-All Plastic beds set of 20 pcs of 10 different Fruits and Vegetable Shape with ropes or Lacing thread. It should be made of single mold only. Plastic Virgin Polyethylene terephthalate (PET) Lacing thread made up of Nylon. |  | • बच्चों में छोटी क्रियाओं का विकास<br>• बच्चों में एकाग्रता का विकास<br>• फल एवं सब्जियों के नाम जानना |

Signature valid

Digitally signed by T
Shubhamangala
Designation : State Project Director
Date: 2023.07.21 16:54:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4223821

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | Ball | 01 | 200 | The Ball has 6 different shapes like star, Triangle, heart shape, hexagon, square shape embossed on it which can be put inside from slot of that shape only inside the ball & the ball can be opened from the top end where the clock is fixed. In the Clock needles are attached & can be manually operated by the child to learn the clock timing & the ball can be easily played while teaching the shapes to children. |  | • समय की अवधारणा के बारे में जानना<br>• आकृतियों के बारे में जानना |
| 8 | Tetris puzzle (jigsaw game) | 01 | 300 | • Wooden block toys Brain Teaser Puzzle Game have several examples for shapes and things to make with it, you can shape it such as child, hat, robot, villa, man, flower, pyramid, airplane, fish etc.<br>• Colorful and Non-toxic paints, Eye-catching and beautiful pattern just like shown in the pictures. |  | • बच्चों में कल्पनाशीलता एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना।<br>• खेल खेल में सीखना एवं मानसिक विकास<br>• बच्चों में एकाग्रता का विकास, hand eye कोऑर्डिनेशन, साथियों के साथ खेलने को बढ़ावा देना |
| 9 | Push N GO Car | 01 | 350 | Size of car about 26x15x12. Car having Two light, four wheels one seat. |  | • बच्चों को उनके मोटर कौशल, हाथ–आँख समन्वय,<br>• बच्चों में कल्पनाशीलता रोल प्ले एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना। |
| 10 | Building Block | 01 | 460 | dome shape blocks (different colors) wheels, metal rods, one transparent jar in the shape of car & one plastic lid to close the jar from back side. These domes can be fixed easily to make different designs & models during play. |  | • बच्चों में कल्पनाशील रोल प्ले एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना।<br>• बच्चों को उनके मोटर कौशल, हाथ–आँख समन्वय,<br>• टीम भावना का विकास |

Signature valid

Digitally signed by T
Shubhamangala
Designation : State Project Director
Date: 2023.07.31 16:54:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4223821

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Paper rim (1 packet), Crayons (20 packet), Pencil with sharpeners (6 packet), Erasers (2 packet), Poster colour (2 packet), Gum, Chalk 4 packet (2 White & 2 Colored), Slate Pencil (4 packet), Glaze paper (6 Color Sheet) | as per required | 1190 | Non Poisonous & Child Friendly | | • बच्चों में कल्पनाशील खेल पने एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना। • फाइन मोटर स्किल्स का विकास |
| | | Total | 5000 | | | |

**Note: Keeping in view safe learning environment for the childrens, all the items must be non-toxic, non-hazadous, environment friendly and made in India.**

**नोट :– टीएलएम/ पीएसई सामग्री के सामने अंकित अनुमानित राशि कम अथवा अधिक हो सकती है लेकिन सभी चयनित सामग्री की कुल कीमत 5000/रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

**<u>टीएलएम/ पीएसई किट सामग्री के उपयोग हेतु ईसीसीई शिक्षकों हेतु दिशा–निर्देश :–</u>**

1. कक्षा शिक्षण के दौरान टीएलएम/पीएसई सामग्री का उपयोग गतिविधि आधारित शिक्षण हेतु अधिकतम किया जाना है, ताकि नामांकित बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा रूचिपूर्ण वातावरण में उपलब्ध कराई जा सके।
2. ईसीसीई शिक्षक स्वयं के निर्देशन एवं समुचित पर्यवेक्षण में ही उक्त सामग्री का उपयोग बच्चों से सुरक्षित तरीके से करवाया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में बच्चे किसी भी टीएलएम/ पीएसई सामग्री का असुरक्षित तरीके जैसे – जीभ से चाटना/ निगलना इत्यादि नहीं करें।
3. ईसीसीई शिक्षक प्रदत्त सामग्री का सर्वश्रेष्ठ उपयोग सुनिश्चित करें। शिक्षण उपयोग उपरान्त समस्त सामग्री को एकत्र कर सुरक्षित रखें।
4. टीएलएम सामग्री का शिक्षण में उपयोग निम्नानुसार करें –

| क्र.सं. | सामग्री | सामग्री का उपयोग |
|---|---|---|
| 1 | Doctor set | बच्चों को डॉक्टर सेट व्यक्तिगत एवं समूह में खेलने के लिए दें। शिक्षक इस सेट के द्वारा बच्चों के सामूहिक खेल में भाग ले सकतें हैं और किट में दिए गए उपकरणों के बारे में बच्चों से चर्चा कर सकते हैं। उनसे body parts, डॉक्टर सैट में उपलब्ध सामग्री क्या–क्या काम आती है, हम डॉक्टर के पास कब जाते हैं जैसे प्रश्नों पर बातचीत करें? एवं बच्चों द्वारा जिज्ञासावश पूछे गये प्रश्नों का जवाब दें। |
| 2 | Kitchen Set | किचन सेट को कक्षा कक्ष के किसी कॉर्नर में भी रखा जा सकता है बच्चें इस किचन सेट से व्यक्तिगत एवं समूह में खेल सकते हैं। शिक्षक इस दौरान बच्चों का अवलोकन करें और उनसे चर्चा करें जैसे – आप क्या बना रहे हो ? इसमें आपने क्या क्या सामग्री डाली? इससे बच्चे खेल–खेल में रसोई घर में काम आने वाले सामान की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। |

Signature valid
Digitally signed by T Shubhamangala
Designation : State Project Director
Date: 2023.07.31 16:54:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4223821

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Vehicle Set | शिक्षक बच्चों को गोल घेरे में बिठाए और बच्चों को एक– एक कर के vehicle<br>set दिखाएँ और उसके बारे में चर्चा करें। फिर बच्चों को यह सामग्री खेलने के<br>लिए दें। शिक्षक इस दौरान बच्चों का अवलोकन करें और उनसे चर्चा करें<br>जैसे– आप क्या बना रहे हो ? यह कैसे बनेगा ? टायर कहाँ लगेंगे? बच्चों को<br>JCB द्वारा किये जाने वाले कार्यों की जानकारी हो सकेगी। |
| 4 | Pyramid | पूर्व प्राथमिक शिक्षक – बच्चे को सामग्री का परिचय दें और उन्हे व्यक्तिगत एवं<br>सामूहिक रूप से खेलने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>बच्चों से रंगों के बारे में चर्चा करें और उन्हे आकार के अनुसार रिंग पिरामिड<br>में डालने के लिए कहें। पूर्वप्राथमिक शिक्षक/ शिक्षिका बच्चों से चर्चा कर<br>सकते हैं जैसे – सबसे नीचे कौनसा रंग है? इस रंग का आपको कक्षा में क्या<br>क्या दिखाई दे रहा है ? इससे बच्चे रंगों एवं आकृतियों के बारे में जानकारी<br>प्राप्त कर सकेंगे। |
| 5 | Abacus | • पूर्व प्राथमिक शिक्षक/शिक्षिका बच्चों से abacus निम्नलिखित रूप से<br>उपयोग लेने के लिए कह सकती है।<br>1–पूर्व प्राथमिक शिक्षक/ शिक्षिका सबसे ऊपर लगी रोड के बीड को एक<br>पैटर्न से लगा दें और उससे नीचे वाली रोड पर बच्चे से उसी पैटर्न को<br>बनाने के लिए कहें।<br>2–पैटर्न बना के बच्चों से बीड को गिनने के लिए कहें। इससे बच्चे<br>3–बच्चों से रंगों के बारे में पूछें।<br>• इससे बच्चों में गणितीय संक्रियाओं का विकास होगा। |
| 6 | Beads | • पूर्व प्राथमिक शिक्षक/शिक्षिका सबसे पहले सामग्री का परिचय करवाएँ।<br>• बच्चे को lacing thread की मदद से फल और सब्जियों से पैटर्न बनाने को<br>कहें। बच्चों से फल और सब्जियों के नाम पूछें और उनके बारे में चर्चा करें।<br>• इससे बच्चे फल एवं सब्जियों के नाम एवं उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त<br>कर सकेंगे। |
| 7 | Ball | घड़ी मे दो सुइयाँ जुड़ी होती है और घड़ी का समय जानने के लिए बच्चे द्वारा<br>मैन्युअल रूप से संचालित किया जा सकता है और बच्चों को<br>आकृतियाँ सिखाते समय गेंद को आसानी से खेला जा सकता है। बच्चों से<br>आकार के बारे में पूर्व प्राथमिक शिक्षक चर्चा कर सकते हैं। |
| 8 | Tetris puzzle (jigsaw game) | इस सामग्री से बच्चों का परिचय करवाएं और इसे कैसे उपयोग में लिया जाता<br>है यह बताएं जैसे: इसे बच्चों के समूह बना कर भी खेलने को दिया जा सकता<br>है और एक–एक कर के इसे आकृति के अनुसार रखने को कहा जाए, इससे<br>बच्चों में कल्पनाशीलता एवं रचनात्मकता का विकास होगा। |
| 9 | Push N GO Car | शिक्षक बच्चों को यह कार व्यक्तिगत रूप से खेलने को दें। जिससे बच्चे<br>खेलकर आनन्द की अनुभूति करेंगे। जिससे कक्षा में बच्चों के ठहराव में वृद्धि<br>होगी। |

Signature valid
Digitally signed by T
Shubhamangala
Designation : State Project Director
Date: 2023.07.31 16:54:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4223821

| | | |
|---|---|---|
| 10 | Building Block | • पूर्व प्राथमिक शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को सामग्री से परिचय करवाएँ। उन्हे blocks की मदद से अलग अलग design बनाने के लिए प्रोत्साहित करे एवं उनकी मदद करें। इससे बच्चों में कल्पनाशीलता एवं रचनात्मकता का विकास होगा। |
| 11 | Paper rim (1 packet), Crayons (20 packet), Pencil with sharpeners (6 packet), Erasers (2 packet), Poster colour (2 packet), Gum, Chalk 4 packet (2 White & 2 Colored), Slate Pencil (4 packet), Glaze paper (6 Color Sheet) | • पूर्व प्राथमिक शिक्षक/शिक्षिका बच्चों से पेपर, कलर की मदद से रचनात्मक कार्य करने को दें। कोई भी आकार बना के उनमें रंग भरने का अभ्यास करवाया जा सकता है।<br>• स्लैट का उपयोग लिखने एवं अभ्यास के लिए करें।<br>• अन्य सामग्री भी बच्चों के स्तर अनुसार रचनात्मक गतिविधियों के लिए उपयोग में लें। |

- उक्त टीएलएम सामग्री/Toys के कक्षा–कक्ष में शिक्षण एवं उपयोग से संबंधित वीडियो बनाकर क्यूआर कोड के साथ दिशा–निर्देश जारी किए जा रहे हैं। अतः उक्त वीडियो का सदुपयोग कर पूर्व प्राथमिक शिक्षक शिक्षण कार्य करावें।
- उक्त टीएलएम सामग्री/Toys के कक्षा–कक्ष में शिक्षण एवं उपयोग से बच्चों की जागरूकता, कल्पनाशीलता में आये परिवर्तन का असेसमेन्ट भी करवाया जाएगा। अतः उक्त सामग्री का प्रभावी तरीके से उपयोग किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि बच्चे लाभान्वित हो सकें। असेसमेन्ट हेतु फीडबैक फॉर्मेट का लिंक पृथक से शेयर किया जाएगा।
- आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं मेन्टॉर टीचर के प्रशिक्षण मॉडयूल में भी उक्त सामग्री के उपयोग हेतु पूर्व प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

**PSE/ TLM Kit (2023-24) क्रय हेतु सामान्य दिशा–निर्देश :–**

1. संलग्न सूची के अनुरूप चिन्हित विद्यालयों के पूर्व प्राथमिक सेक्शन में अध्ययनरत बच्चों के समग्र विकास हेतु प्रति प्रति विद्यालय अनुमोदित राशि रूपये 5,000/– की सीमा में निर्धारित स्पेसीफिकेशन अनुसार PSE/ TLM Kit Items उपलब्ध करवाये जाने हैं।
2. टीएलएम/ पीएसई सामग्री के सामने अंकित अनुमानित राशि कम अथवा अधिक हो सकती है लेकिन सभी चयनित सामग्री की कुल कीमत 5000/रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।
3. जिला परियोजना कार्यालय द्वारा राशि प्राप्ति के 15 दिवस में अनुमोदित राशि की आहरण स्वीकृति संलग्न सूची वाले विद्यालयों की एसडीएमसी/ एसएमसी को ही की जानी है।
4. उक्त सामग्री का क्रय संबंधित विद्यालय की एसडीएमसी/एसएमसी की बैठक में प्रस्ताव लेकर ही किया जाना है।
5. इस राशि का उपयोग अनिवार्यतः केवल पूर्व प्राथमिक शिक्षा – PSE/ TLM सामग्री क्रय के लिए किया जाना है, किसी अन्य गतिविधि के लिए नहीं।
6. राशि का उपयोग योजना के दिशा–निर्देश, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार व स्टार्स प्रोजेक्ट की गाइडलाईन एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम–2012 एवं नियम–2013 की पूर्ण पालना करते हुए विहित प्रक्रियानुसार ही किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

Signature valid
Digitally signed by T Shubhamangala
Designation : State Project Director
Date: 2023.07.31 16:54:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4223821

7. जिला कार्यालय राशि की प्राप्ति के 20 दिवस की अवधि में उपयोगिता प्रमाण–पत्र विद्यालय प्रशासन द्वारा संबंधित ब्लॉक परियोजना कार्यालय को एवं ब्लॉक से प्राप्त कर समेकित उपयोगिता प्रमाण–पत्र (निर्धारित प्रारूप संलग्न) राज्य कार्यालय को 07 दिवस में प्रेषित किये जाने हैं।
8. उक्त राशि का उपयोग विद्यालय की एसएमसी/एसडीएमसी के माध्यम से संस्थाप्रधान द्वारा 08 सदस्यों की कमेटी बनाकर किया जावे, जिसमें कम से कम दो अभिभावक (एक महिला अभिभावक अनिवार्य) को भी बैठक में शामिल किया जाना सुनिश्चित करें।
9. एसडीएमसी/ एसएमसी द्वारा क्रय की गई टीएलएम/ पीएसई सामग्री को सामग्री की प्रकृति के अनुसार विद्यालय के स्टॉक रजिस्टर (स्थाई और अस्थाई) में प्रविष्ट कर ही उपयोग में लिया जावे।
10. चयनित टीएलएम/ पीएसई सामग्री का क्रय कर बच्चों को उपलब्ध कराने की सुनिश्चितता का समस्त दायित्व संबंधित संस्थाप्रधान का होगा।
11. क्रय की गई टीएलएम/ पीएसई सामग्री के श्रेष्ठतम उपयोग की सुनिश्चितता का समस्त दायित्व ईसीसीई शिक्षक का होगा।
12. उक्त सामग्री का क्रय जिस विक्रेता से किया जावे, उससे उक्त सामग्री के इको फ्रेण्डली एवं नॉन टॉक्सिक होने का प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें एवं इसे रिकॉर्ड में संधारित करें।
13. राशि का व्यय योजना के दिशा–निर्देशों एवं वित्तीय नियमों की पूर्ण पालना करते हुए विहित प्रक्रियानुसार ही किया जाना है।

जिला/ब्लॉक परियोजना कार्यालय उक्त गतिविधियों का सम्पादन निर्धारित समयावधि में किया जाना सुनिश्चित करावें। उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जावे।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

(डॉ. अनिल कुमार)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान।
2. निजी सचिव, निदेशक, प्राशि एवं माशि, राजस्थान–बीकानेर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्कूलशिप–जयपुर।
4. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम, राजस्कूलशिप, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार, रास्कूलशिप, जयपुर।
6. उपायुक्त–प्रथम, राजस्कूलशिप, जयपुर।
7. उपायुक्त–स्टार्स, राजस्कूलशिप, जयपुर।
8. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
9. उपनिदेशक–शाला दर्पण, राजस्कूलशिप, जयपुर को प्रति भेजकर लेख है कि उक्त दिशा–निर्देश शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से प्रसारित किया जाना सुनिश्चित करावें।
10. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक – समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
11. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
12. संस्थाप्रधान – संबंधित विद्यालय।
13. रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

VIDEO LINK

दिशानिर्देश एवं गतिविधि के बारे में विस्तार से जानने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

Signature valid
Digitally signed by T Shubhamangala
Designation : State Project Director
Date: 2023.07.31 16:54:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4223821